धर्म | मां बगलामुखी मठ में वेद मंत्रों की गूंज, दिनभर हुए धार्मिक अनुष्ठान और विशेष पूजन

# बगलामुखी प्रकटोत्सव पर श्रद्धा और साधना का अद्भुत संगम







**नवभारत,जबलपुर।** सिविक सेंटर स्थित प्रसिद्ध शक्ति साधना केंद्र मां बगलामुखी मठ में शुक्रवार को प्रात:काल से ही भक्ति और मंत्रोच्चार का ऐसा वातावरण बना रहा, जिसने पूरे परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। मां बगलामुखी के प्रकटोत्सव के अवसर पर सुबह से वेद मंत्रों की गूंज और शंखनाद के बीच धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत हुई। मठ परिसर में ब्रह्मचारी चैतन्यानंद महाराज के सान्निध्य में विविध पूजन, अर्चन और जाप संपन्न हुए। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ सुबह से ही मंदिर पहुंचने लगी और पूरे दिन भक्ति भाव में डूबी रही।

### भगवती का किया विशेष श्रृंगार

दिनभर चले कार्यक्रमों के दौरान भगवती बगलामुखी का विशेष श्रृंगार किया गया तथा पीत वस्त्रों, आम, लड्डू और द्राक्षा (किशमिश) से सहस्त्रार्चन की तैयारियां की गईं। संध्या समय महाआरती के साथ हवन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन प्रस्तावित रहा।

### रात तक जारी रहे आयोजन

मंदिर प्रशासन के अनुसार, शाम को महाआरती, हवन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ प्रकटोत्सव का समापन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं शामिल हुए।

### मंदिर परिसर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

मठ प्रशासन के अनुसार, प्रकटोत्सव के अवसर पर इस वर्ष श्रद्धालुओं की उपस्थिति सामान्य दिनों की तुलना में कहीं अधिक रही। भक्तों ने मनोकामना पूर्ति के लिए पीला वस्त्र, श्रीफल और प्रसाद अर्पित किया। कई श्रद्धालु व्यक्तिगत साधना और जाप में भी लीन नजर आए।

### इनका कहना है



आज मठ में आकर ऐसा लगा जैसे साक्षात शक्ति का अनुभव हो रहा है। मंत्रों की ध्वनि मन को भीतर तक शांति दे रही थी।

**महेन्द्र, श्रद्धालु**



'मैंने आज पहली बार सहस्त्रार्चन देखा। यह अनुभव बहुत दिव्य और अद्भुत था, शब्दों में बयान नहीं कर सकता।

**अमित, श्रद्धालु**



मैं हर साल प्रकटोत्सव पर आती हूं। यहां की महाआरती और जाप से मन की हर चिंता दूर हो जाती है।

**पिंकी, श्रद्धालु**



मां बगलामुखी के दर्शन और प्रसाद से आत्मिक शांति मिलती है। आज का आयोजन बहुत भव्य और व्यवस्थित रहा।

**आकांक्षा, श्रद्धाल**



# ग्राम पंचायतों ने आत्मनिर्भर बनने की ओर बढ़ाए कदम

**जिला पंचायत में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस का आयोजन**




**नवभारत,जबलपुर।** जिला पंचायत के सभाकक्ष में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों ने परिसर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की। 24 अप्रैल 1993 को 73वें संविधान संशोधन के जरिए पंचायती राज संस्थाओं को मिले संवैधानिक दर्जे की याद में यह दिन पूरे देश में मनाया जाता है। कार्यक्रम में पंचायत उन्नति सूचकांक और टैक्स वसूली बढ़ाने की रणनीति पर राज्य सलाहकार डॉ. अमित अट्ठा ने विस्तार से जानकारी दी। जिला पंचायत अध्यक्ष आशा मुकेश गोंटिया ने सभी छोटी-बड़ी ग्राम पंचायतों से अपील की कि वे टैक्स संग्रहण में आगे आएं और जिले की पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इसे एक अभियान के रूप में चलाएं। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल और सदस्यों ने भी ग्राम सभा की महत्ता और पंचायत राज के अधिकारों को लेकर अपने विचार साझा किए।

### सर्वाधिक टैक्स वसूलने वाली ग्राम पंचायत सम्मानित

इस अवसर पर वित्तीय वर्ष 2025-26 में सर्वाधिक टैक्स वसूलने वाली प्रथम तीन ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव और रोजगार सहायकों को सम्मानित किया गया। सर्वाधिक 13 लाख 43 हजार 951 रुपये का कर संग्रहण कर ग्राम पंचायत सालीवाड़ा गौर ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर जनपद पंचायत जबलपुर की ग्राम पंचायत महगवां परतला रही, जिसने सबसे ज्यादा 487 घरों से कर वसूल किया। वहीं, जनपद पंचायत कुण्डम की ग्राम पंचायत कल्याणपुर को अपने लक्ष्य के विरुद्ध रिकॉर्ड टैक्स वसूली के लिए तृतीय स्थान मिला।

## एक नजर में

### सुदीप सिंह सैनी बने मानद समन्वयक



**नवभारत,जबलपुर।** पंजाबी साहित्य अकादमी, मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद के निदेशक इंदरजीत सिंह खनुजा द्वारा 23 अप्रैल 2026 को जारी आदेश के तहत जबलपुर निवासी अधिवक्ता सुदीप सिंह सैनी को डिंडोरी जिले (जबलपुर संभाग) के लिए मानद समन्वयक नियुक्त किया गया है। सैनी मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर में विधि व्यवसाय करते हैं तथा जिला अधिवक्ता संघ के कार्यकारी सदस्य हैं। इस अवसर पर सैनी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और निदेशक इंदरजीत सिंह खनुजा के प्रति आभार व्यक्त किया।




### वीयू में पक्षियों के लिए रखे पानी के सकोरे

**नवभारत, जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय तथा मत्स्य विज्ञान/महाविद्यालय में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो मनदीप शर्मा, कुलसचिव डॉ एस एस तोमर तथा मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ एसके महाजन द्वारा विश्वविद्यालय तथा मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के प्रांगण में गर्मी के इस भीषण मौसम को ध्यान में रखते हुए पक्षियों के लिए पानी के सकोरे स्थापित किए गए। यह कार्यक्रम मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संचालित किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ सोना दुबे द्वारा तैयार की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने परिसर के विभिन्न छायादार स्थानों पर मिट्टी के सकोरे रखे तथा उनमें स्वच्छ पानी भरने की व्यवस्था की। साथ ही, यह सुनिश्चित किया गया कि इन सकोरों का नियमित रूप से साफ-सफाई एवं पानी परिवर्तन किया जाए, ताकि पक्षियों को हमेशा स्वच्छ जल मिल सके। कार्यक्रम में डॉ सोना दुबे, टीचिंग एसोसिएट सत्येंद्र कटारा, प्रियंका गौतम तथा मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।


### झारिया समाज का सम्मेलन 26 को

**नवभारत,जबलपुर।** झारिया कल्याण संघ जबलपुर के तत्वाधान में समाज का वार्षिक सम्मेलन 26 अप्रैल 2026 को मानस भवन जबलपुर में प्रात: 10 बजे से आयोजित किया जायेगा। सम्मेलन के दौरान विवाह योग्य युवक युवतियों द्वारा मंच से परिचय दिया जायेगा। कक्षा 10वीं एवं इससे उच्च कक्षाओं की बोर्ड परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का सम्मान किया जायेगा। इसके साथ ही नि:शुल्क दहेज रहित आदर्श विवाह सम्पन्न कराये जायेंगे। समाज की विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जायेगा। संघ के डॉ.एन.पी. झारिया, गणेश सिंह झारिया, श्रीमती पुष्पा झारिया, अजय झारिया, संतोष झारिया, बलराम झारिया, अमित मेहरा, रामेश्वर प्रसाद मेहरा, चंद्रप्रकाश झारिया, अशोक झारिया, श्रीमती दुर्गा झारिया, हरि मेहरा आदि पदाधिकारियों ने उपस्थिति की अपील की है।



### शिवेंद्र सिंह बने अधीक्षण यंत्री

**नवभारत,जबलपुर।** लोक निर्माण विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रभारी कार्यपालन यंत्री शिवेंद्र सिंह को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ अधीक्षण यंत्री (भवन) जबलपुर के रिक्त पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। आदेश प्रमुख अभियंता के.पी.एस. राणा द्वारा 23 अप्रैल 2026 को जारी किया गया। शिवेंद्र सिंह ने अधीक्षण यंत्री का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इस अवसर पर मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के अटल उपाध्याय, देवेंद्र पचौरी, अनुज तिवारी सहित अन्य सदस्यों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी।



# गांव-गांव जाकर किसानों को किया जागरूक

**कृषक कल्याण वर्ष 2026 : पैक्स सदस्यता अभियान ने पकड़ी रफ्तार**

**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा घोषित 'कृषक कल्याण वर्ष 2026' के अंतर्गत सहकारिता विभाग ने प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में किसानों को जोड़ने के लिए विशेष सदस्यता अभियान शुरू किया है, जो 14 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा। इस अभियान के तहत भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक अशोक सिंघई, संभागीय मीडिया प्रभारी अखिलेश दीक्षित, सुनील खरे और बृजेश ठाकुर ने ग्रामीण क्षेत्रों में सघन जन-जागरण किया। उन्होंने बोरिया के खरीदी केंद्र सिमरा सहित मुरैई, भीलोदा, कटंगी, मझोली और सिहोरा क्षेत्रों में किसानों से संवाद कर योजना की जानकारी दी। पदाधिकारियों ने बताया कि पैक्स सदस्य बनने पर किसानों को 0% ब्याज पर अल्पकालीन ऋण, उचित मूल्य पर खाद-बीज और कीटनाशक, तथा शासकीय योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा। किसानों से अपील की गई है कि वे अभियान की अवधि में अपनी नजदीकी समिति में सदस्यता लेकर योजनाओं का लाभ उठाएं।

### बीमा कर्मियों का राष्ट्रीय महासम्मेलन 26-27 को

**नवभारत, जबलपुर।** नेशनल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंश्योरेंस वर्कर्स के तत्वावधान में भारतीय जीवन बीमा निगम के राष्ट्रवादी कर्मचारी संगठन द्वारा 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को सुकून रिसॉर्ट (तिलवारा ब्रिज, नागपुर हाईवे) में द्विदिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस दौरान ऑल इंडिया सेक्रेटेरियट मीटिंग, सेंट्रल ज़ोन इंश्योरेंस वर्कर्स ऑर्गनाइजेशन (म.प्र. एवं छ.ग.) कॉन्फ्रेंस तथा जबलपुर डिवीजन इंश्योरेंस वर्कर्स ऑर्गनाइजेशन की बैठकें भी होंगी। सम्मेलन में बीमा कर्मचारियों की समस्याओं, नीतिगत मुद्दों और संगठनात्मक गतिविधियों पर व्यापक चर्चा के साथ भविष्य की रणनीति तय की जाएगी। संगठन ने सभी सदस्यों व हितधारकों से सम्मेलन में भाग लेकर इसे सफल बनाने का आह्वान किया है।



### दिव्यांग विद्यार्थियों ने किया कोका-कोला प्लांट का भ्रमण

**नवभारत,जबलपुर।** विकलांग सेवा भारती, जबलपुर के दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने रिछाई स्थित राज्य औद्योगिक क्षेत्र में कोका-कोला कंपनी का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों को पेय पदार्थों के निर्माण से लेकर बाजार तक पहुंचने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी कंपनी के स्टाफ द्वारा दी गई।

कंपनी के अधिकारी अजय यादव ने बच्चों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें एनर्जी ड्रिंक वितरित किए। संस्था की सचिव मिताली बनर्जी ने बताया कि इस तरह के औद्योगिक भ्रमण से दिव्यांग विद्यार्थियों में आत्मनिर्भरता, कौशल विकास और रोजगार के अवसरों के प्रति जागरूकता बढ़ती है। इस अवसर पर प्राचार्य राकेश शर्मा सहित सचिन प्रजापति, उषा ठाकुर, गुलनाज बी, मेक्षा दत्त, पुष्पेंद्र कुशवाहा और मुकेश सेन उपस्थित रहे।




### फिजिक्सवाला ने किया नया ऑफलाइन सेंटर लॉन्च

**नवभारत,जबलपुर।** शिक्षा कंपनी फिज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू) ने आज मध्य प्रदेश के जबलपुर में अपना नया सेंटर दूसरी मंजिल, एसआर टॉवर होम साइंस कॉलेज के पास नेपियर टाउन में लॉन्च किया। यह सेंटर एसएससी, बैंकिंग, राज्य स्तरीय और रेलवे भर्ती जैसी विभिन्न सरकारी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को बेहतर सहयोग देने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। लॉन्च के अवसर पर, पीडब्ल्यू ऑनलाइन के सीईओ अतुल कुमार ने कहा, 'फिज़िक्सवाला में हमारा उद्देश्य हमेशा से हर छात्र तक शिक्षा को सुलभ बनाना रहा है, चाहे वह देश के किसी भी कोने में हों। जबलपुर में सरकारी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों की बड़ी संख्या है, और इस सेंटर के माध्यम से हम उनकी तैयारी को और करीब से मज़बूत बनाने की कोशिश करना चाहते हैं।

### उद्योगों, रोजगार और कौशल से संबंधित विभागों की बैठक 28 को

नवभारत,जबलपुर। उद्योग, रोजगार एवं कौशल विकास से संबंधित विभागों की बैठक 28 अप्रैल को शाम 5 बजे कलेक्टर कार्यालय में होगी। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में नवीन औद्योगिक क्लस्टर की स्थापना एवं भूमि आवंटन की दिशा में हुई प्रगति की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही रोजगार मेलों के माध्यम से नियोजित युवाओं की मौजूदा स्थिति पर तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के विषय पर विस्तार से विचार विमर्श किया जायेगा। बैठक में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम, लीड बैंक अधिकारी, रोजगार एवं स्वरोजगार से विभाग जुड़े सभी विभागों के अधिकारी तथा तकनीकी शिक्षण संस्थानों के प्रमुख मौजूद रहेंगे।

# मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, टॉपर्स ने बढ़ाया गौरव

**यश गौरव छात्र सम्मान 2026 का आयोजन**



**नवभारत, जबलपुर।** यश हायर सेकेंडरी स्कूल में 'यश गौरव छात्र सम्मान 2026' समारोह उत्साह और गौरवपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अब्दुल हामिद वार्ड के पार्षद एवं समाजसेवी विमल राय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों की मेहनत और अनुशासन की सराहना करते हुए सफलता का मूल मंत्र निरंतर प्रयास बताया।

संस्था संचालक डॉ. विजयकांत तिवारी एवं प्राचार्या सोनल तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया गया। विद्यालय ने इस वर्ष भी उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देकर मध्यप्रदेश शासन की लैपटॉप योजना में लगभग 10 लाख रुपये का लाभ प्राप्त किया। समारोह में कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं और 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रमुख टॉपर्स में मैथिली दुबे (93%), नंदिनी राठौर (93.8%), महिमा मिश्रा (91.8%), शिवम पटेल (92.4%), विवेक साहू (92%), कृषा कुमार पटेल (91.6%), गजाला अंसारी (90.2%), अहद आरजू (90.2%) और परास अग्रवाल (90%) शामिल रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्रेया तिवारी, अतुल श्रीवास्तव, रिंकू शाह एवं प्रतीक्षा ज्योतिषी सहित समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में प्राचार्या सोनल तिवारी ने विद्यार्थियों को अभिभावकों के मार्गदर्शन में निरंतर आगे बढ़ने का संदेश दिया।

निरीक्षण | जिला अस्पताल का निरीक्षण कर दिए निर्देश

# कलेक्टर ने मरीजों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना





**नवभारत,जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने सेठ गोविंददास विक्टोरिया जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर संबंधित चिकित्सकों से उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली और उपचाराधीन मरीजों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मरीजों के ब्लड शुगर रिकॉर्ड के आधार पर उनकी खुराक का सटीक समायोजन निरंतर जारी रहे और किसी भी आपात स्थिति या जटिलता की पहचान होने पर उन्हें तत्काल बेहतर मेडिकल सुविधा सुनिश्चित की जाए। कलेक ?टर ने इस दौरान मधुमेह पीड़ितों को माय टी1डी किट भी प्रदान की।

### टाइप-1 डायबिटीज क्लीनिक की सुविधाओं को सराहा

विशेष रूप से कलेक्टर सिंह ने स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहे टाइप-1 डायबिटीज समर्पित साप्ताहिक फॉलोअप क्लीनिक का अवलोकन किया। उन्होंने पाया कि प्रत्येक शुक्रवार को ओपीडी नंबर 9 में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक संचालित होने वाला यह क्लीनिक जिले के गंभीर मधुमेह रोगियों के लिए जीवन रक्षक सिद्ध हो रहा है ।कलेक्टर ने कहा कि एक ही छत के नीचे विशेषज्ञ परामर्श, गहन उपचार और मधुमेह शिक्षा उपलब्ध होने से मरीजों को काफी राहत मिल रही है।

# अधर्म बढ़ने पर भगवान स्वयं भक्तों की रक्षा करते हैं : इंद्रभानु

**ग्वारीघाट में श्रीमद्भागवत कथा का तीसरा दिन**



**नवभारत, जबलपुर।** ग्वारीघाट स्थित रजत गणेश मंदिर, ललपुर रोड में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के तृतीय दिवस पर भगवताचार्य पंडित इंद्रभानु महाराज ने भगवान के वराह अवतार और भक्त ध्रुव के चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि परमात्मा की शरणागति ही जीवन का परम लक्ष्य है और अधर्म बढ़ने पर भगवान स्वयं अवतार लेकर भक्तों की रक्षा करते हैं। महाराज श्री ने वराह अवतार के माध्यम से पृथ्वी उद्धार और हिरण्याक्ष वध का प्रसंग सुनाया, जिसे धर्म की अधर्म पर विजय का प्रतीक बताया। साथ ही, बालक ध्रुव की कठोर तपस्या और नमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र के प्रभाव से भगवान के साक्षात प्रकट होने की कथा ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में रजनी चौहान, निशा शर्मा, वंशिका वाधवा, दीपक व संगीता अग्रवाल, पूनम ठाकुर, कीर्ति दिवाकर, श्यामा ठाकुर, कुसुम शर्मा, विनीता यादव, निशा ठाकुर, श्वेता उपाध्याय, कीर्ति अग्रवाल, अभिषेक व पिंकी गुप्ता, दीपक मिश्रा, नेहा व प्रदीप पांडे, निधि व महेंद्र बरोलिया, साक्षी व सुनील गोस्वामी, मंजुला तथा सहदेव पांडे सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।